

# गरवी गुजरात
GARVI GUJARAT
RNI No.: UPHIN/25/A1697
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 281
दि. 12.02.2026, गुरुवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा


# असोम माला 3.0 प्रोजेक्ट : ₹3,217 करोड़ में बनेंगे 36 पुल, 34 जिलों में बिछेगा सड़कों का जाल

(जीएनएस)।

असम सरकार ने राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही है। इसके तहत महत्वाकांक्षी 'असोम माला 3.0' परियोजना को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रोजेक्ट के लिए ₹3,217 करोड़ के बजट को हरी झंडी मिली है। सरकार का कहना है कि यह योजना केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि असम की अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत ग्रोथ इंजन साबित होगी।

असोम माला 3.0 राज्य के लगभग सभी 34 जिलों को कवर करेगी। परियोजना के तहत मध्य असम के नगांव, मोरीगांव और होजई जिलों के ग्रामीण मार्गों को राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों से जोड़ा जाएगा। ऊपरी असम के डिब्रूगढ़, तिनसुकिया और शिवसागर जैसे चाय बागान बहुल क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को मजबूत बनाया जाएगा।

**दुर्गम इलाकों तक होगी पहुंच**

- बराक घाटी के कछार, करीमगंज और हैलाकांडी में 36 नए पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिससे दुर्गम इलाकों तक पहुंच आसान होगी।
- पहाड़ी जिलों कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ में मौजूदा सड़कों को चौड़ा कर हाई-स्पीड कॉरिडोर बनाए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि इन मार्गों पर यात्रा समय में 30 से 40 प्रतिशत तक कमी लाई जाए।
- अनुमान के अनुसार गुवाहाटी से डिब्रूगढ़ का सफर जो अभी 9-10 घंटे लेता है, वह घटकर 6-7 घंटे रह जाएगा। इसी तरह गुवाहाटी से सिलचर की दूरी 10-12 घंटे से सिमटकर 7-8 घंटे हो जाएगी।



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का कहना है कि इस परियोजना से न केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि ईंधन खर्च में भी बड़ी कमी आएगी। सरकार गुवाहाटी को पूरे पूर्वोत्तर के लिए लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करना चाहती है, ताकि व्यापार, पर्यटन और उद्योगों को सीधा लाभ मिल सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना असम में निवेश को आकर्षित करेगी और रोजगार के हजारों नए अवसर पैदा करेगी।

यह असम की कनेक्टिविटी ही नहीं बल्कि पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिहाज से अहम है।

# दिल्ली में सुनेत्रा पवार ने की पीएम मोदी और अमित शाह से मुलाकात

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला दिल्ली दौरा था। इस दौरान उनके दोनों बेटे और एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल भी मौजूद रहे।





**शिष्टाचार भेंट की तस्वीरें कीं साझा**

सुनेत्रा पवार ने सोशल मीडिया पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट हुई। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बताया कि शपथ लेने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी उन्होंने मुलाकात की।

**अमित शाह ने जताया विश्वास**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार से भेंट हुई। उन्होंने कहा कि स्व. अजित पवार के निधन से महाराष्ट्र की राजनीति में जो रिक्तता आई है, उसे भरना आसान नहीं है, लेकिन जनकल्याण और प्रदेश के विकास के उनके विजन को साकार करना सभी का साझा कर्तव्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस दिशा में सुनेत्रा पवार का संकल्प महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

**10 फरवरी को संभाला कार्यभार**

इससे पहले 10 फरवरी को सुनेत्रा पवार ने मंत्रालय में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। उन्होंने कहा कि वह राज्य के कल्याण के लिए अटूट निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगी।

**महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी**

सुनेत्रा पवार ने 31 जनवरी को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्हें खेल एवं युवा कल्याण, उत्पाद शुल्क और अल्पसंख्यक मामलों के विभाग आवंटित किए गए हैं।

**जनता के विकास को बताया प्राथमिकता**

एक भावुक पोस्ट में सुनेत्रा पवार ने कहा कि उपमुख्यमंत्री का पदभार संभालते हुए वह विश्वास, कर्तव्य और त्याग की भावना से ओतप्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्व. अजित पवार का राज्य के विकास के प्रति समर्पण उनके लिए प्रेरणास्रोत है और किसानों, महिलाओं, युवाओं व आम नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर राहुल गांधी के आरोप गलत हैं : भाजपा

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी के आरोपों को "हास्यास्पद रूप से गलत" बताकर खारिज किया**

नई दिल्ली, (जीएनएस)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी के आरोपों को "हास्यास्पद रूप से गलत" बताकर खारिज करते हुए कहा कि लोकसभा में बोलते समय नेता प्रतिपक्ष ने "सड़क छाप भाषा" का इस्तेमाल कर संसदीय मयार्दा को निम्न स्तर पर पहुंचा दिया। भाजपा की टिप्पणी तब आई जब गांधी ने सदन में केंद्रीय बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए मोदी पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि सरकार ने इस व्यापार समझौते के जरिए "भारत माता को बेच दिया" है और यह "पूरी तरह से आत्मसमर्पण" है, जिसमें भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी गई है व किसानों के हितों से समझौता किया गया है।

गांधी ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि मोदी समेत कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री इस तरह के समझौते पर सहमत होगा जब तक कि उस पर "दबाव" न डाला जाए। गांधी की टिप्पणियों की कड़ी आलोचना करते हुए भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर कांग्रेस नेता के दावे "हास्यास्पद रूप से असत्य एवं गलत" हैं। बलूनी ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, "राहुल गांधी ने एक बार फिर सच्चाई की जगह नाटक का चयन किया है, सदन और देश दोनों को गुमराह कर रहे हैं।" उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान गांधी ने न केवल दस्तावेज की आलोचना की, बल्कि उसे "गलत तरीके से उद्धृत किया और पढ़ा" तथा फिर "उस विकृति के आधार पर अपना तर्क खड़ा किया"।

भाजपा सांसद ने कहा, "राहुल गांधी का दावा एक ऐसे दस्तावेज पर आधारित है जो अब वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करता। वह अमेरिका सरकार के एक पुराने तथ्यपत्र का हवाला दे रहे हैं जिसमें भारत द्वारा प्रस्तावित 500 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद को एक प्रतिबद्धता के रूप में प्रस्तुत किया गया था। उस भाषा को बाद में संशोधित कर दिया गया है।" बलूनी ने कहा, "अद्यतन स्थिति स्पष्ट है: भारत ने आने वाले वर्षों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक की वस्तुओं की खरीद का इरादा व्यक्त किया है, यह बाध्यकारी दायित्व नहीं है।"



इसके पहले भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने गांधी के आरोपों को "बेबुनियाद" बताकर खारिज करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने सदन में बोलते समय "सड़क छाप भाषा" और "सड़क छाप आचरण" का इस्तेमाल करके संसदीय मयार्दा एवं राजनीति को निम्न तर स्तर पर पहुंचा दिया। उन्होंने राहुल गांधी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "अगर महाराजा जेम्स प्रथम ईसाई जगत के सबसे बुद्धिमान मूर्ख थे, तो हम कह सकते हैं कि राहुल गांधी कांग्रेस के सबसे बुद्धिमान मूर्ख हैं।" भाजपा के राज्यसभा सदस्य त्रिवेदी ने कहा, "उन्होंने आरोप लगाया कि देश को बेच दिया गया। मुझे लगता है कि अगर उन्हें कूटनीति और आर्थिक नीतियों की थोड़ी भी समझ होती, तो वे ऐसे निराधार आरोप नहीं लगाते।"

भारतीय डेटा को अमेरिका को बेचे जाने के गांधी के दावे को खारिज करते हुए बलूनी ने कहा कि बजट, जिसमें 2047 तक भारत में डेटा सेंटर स्थापित करने वाली कंपनियों को कर में छूट देने का प्रस्ताव है, भारत के डेटा का स्थानीयकरण करने के लक्ष्य को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, "भारत में अधिक डेटा सेंटर होने से हमारी आईटी कंपनियां पश्चिमी देशों के ग्राहकों को क्लाउड और अन्य एआई समाधान प्रदान कर सकेंगी। भारत में अधिक डेटा सेंटर का मतलब हमारी आईटी कंपनियों के लिए अधिक अवसर हैं। इससे दीर्घावधि में डेटा स्थानीयकरण सुनिश्चित होगा। 1.4 अरब भारतीयों का डेटा भारत में ही रहेगा।" बलूनी ने कहा कि गांधी का यह दावा भी गलत है कि बजट में वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए कोई प्रस्ताव या योजना शामिल नहीं है। उन्होंने कहा, "बजट दस्तावेज में दुर्लभ खनिजों का प्रस्ताव, मूल्य श्रृंखला के सभी स्तरों पर केंद्रित एक नया सेमीकंडक्टर मिशन और ओडिशा, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु से गुजरने वाले कई महत्वपूर्ण खनिज गलियारे शामिल हैं।"

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता ने गांधी के इस दावे को भी खारिज किया कि भारत डिजिटल सेवा कर हटा देगा और दालों के आयात की अनुमति देकर कृषि क्षेत्र को खोल रहा है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमेरिका सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए "तथ्यपत्र के पुराने संस्करण" का हवाला दे रहे हैं। उन्होंने कहा, "समझौते में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत और अमेरिका के बीच डिजिटल नियमों के एक नए सेट पर बातचीत की जाएगी।" बलूनी ने कहा कि अमेरिका सरकार के 'अद्यतन' तथ्यपत्र में दालों का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा, "भारत प्रतिवर्ष दो अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की दालें आयात करता है। वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 2.6 अरब अमेरिकी डॉलर था। कपास की बात करें तो, अमेरिका आयातकों में से एक है, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया से कहीं अधिक मात्रा में कपास आयात किया जाता है, लेकिन कुल मिलाकर, हम जितना कपास आयात करते हैं वह भारत में उत्पादित कपास का मात्र 1/10वां हिस्सा है।"

बलूनी ने कहा कि गांधी का यह दावा कि भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा से समझौता किया है, तथ्यों के आधार पर सही नहीं ठहरता। बलूनी ने गांधी के इस दावे को भी "गलत और अपूर्ण आकलन" बताते हुए खारिज किया कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया शुल्क तीन प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा, "आज भारत पर 18 प्रतिशत शुल्क लगाया जा रहा है, लेकिन यह व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने से पहले की स्थिति है।" बलूनी ने कहा कि भारत से अमेरिका को होने वाले लगभग 45 प्रतिशत निर्यात, जिनमें दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और रत्न सहित अन्य वस्तुएं शामिल हैं, पर 'बहुत कम शुल्क, यहां तक कि शून्य प्रतिशत' लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, "इसलिए एक बार समझौते के अंतिम रूप ले लेने के बाद भारतीय वस्तुओं पर प्रभावी औसत शुल्क में और कमी आने की उम्मीद है।"

## राज ठाकरे प्रधानमंत्री मोदी से बहुत डरे हुए हैं: कोश्यारी

मुंबई, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे के यह दावा करने के एक दिन बाद कि



विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां मोदी सरकार के भय से ही यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यक्रम में शामिल हुईं, राज्य के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने बुधवार को कहा कि ठाकरे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 'बहुत डरे हुए' हैं।

सप्ताहांत में आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के संवादात्मक सत्र में सलमान खान, रणबीर कपूर और करण जौहर सहित बॉलीवुड की कई हस्तियों के साथ ही कुछ सेवारत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी भी मौजूद रहे थे।

ठाकरे की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कोश्यारी ने नासिक में पत्रकारों से कहा, "मुझे नहीं लगता कि वे (प्रमुख हस्तियां) डर के कारण आए। राज ठाकरे मोदी से बहुत डरे हुए हैं।"

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी ने रोल्स-रॉयस के सीईओ से की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रोल्स-रॉयस के सीईओ तुफान एर्गिनबिलगिच से मुलाकात की और कहा कि सरकार भारत में कंपनी की गतिविधियों को बढ़ाने का स्वागत करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'आज रोल्स-रॉयस के सीईओ तुफान एर्गिनबिलगिच से मिलकर खुशी हुई। हम भारत में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने और हमारे नवाचारी व गतिशील युवाओं के साथ साझेदारी करने के लिए रोल्स-रॉयस के उत्साह का स्वागत करते हैं।'



# यूपी में होली से रमजान तक हाई अलर्ट, सीएम योगी बोले- पर्व-त्योहारों पर अराजकता बर्दाश्त नहीं

लखनऊ, (जीएनएस)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की, जिसमें अफसरों को आने वाले त्योहारों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली, महाशिवरात्रि और रमजान सहित आने वाले पर्व-त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बुधवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में होलिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए, लेकिन किसी भी हाल में अराजक तत्वों को माहौल बिगाड़ने की छूट न मिले। शोभायात्राओं में उपद्रवियों की घुसपैठ रोकी जाए और रंग में भंग डालने वालों पर तत्काल कठोर कार्रवाई हो।

सीएम ने कहा कि होलिका दहन



परंपरागत स्थलों पर ही कराया जाए, सड़क के बीच नहीं। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाए। महाशिवरात्रि, होली, रमजान, बोर्ड परीक्षाओं, जनगणना और कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। वाराणसी, मेरठ, लखीमपुर खीरी और बाराबंकी के डीएम से तैयारियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि प्रमुख मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात, पार्किंग और महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें अलर्ट रहें तथा पर्याप्त महिला पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं।

**परिसर के बाहर न जाए आवाज**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि धर्मस्थलों के ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज परिसर से बाहर न जाए। विवाह समारोहों में रात दस बजे के बाद डीजे और तेज ध्वनि उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई होगी।

# पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, बोले- वे हर पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे

**पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, बोले- वे हर पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे**

नई दिल्ली, (जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने कहा कि मूल्यों पर आधारित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत और विचार देश की हर पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'मातृभूमि के अनन्य उपासक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। मूल्यों पर आधारित उनके सिद्धांत और विचार देश की हर पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे।'

एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, 'सर्वस्व समर्पण उस चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होती है। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भी इसी भावना से देश के जन-जन को सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।'

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी ने सुभाषित भी शेयर किया है। उन्होंने संस्कृति श्लोक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा, 'यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः। यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू कस्मै देवाय हविषा विधेम॥' इस संस्कृति सुभाषित का अर्थ है, 'जिस राष्ट्र की महिमा का गान हिमालय करता है, जिसकी कीर्ति नदियों के साथ समुद्र तक प्रवाहित होती है और जिसकी भुजाओं के समान दिशाएं उसे नमन करती हैं, उस राष्ट्र को हम अपना सर्वस्व समर्पित करें।'

## मुंबई में बहुमंजिला इमारत की अचानक भरभरा कर गिरी लिफ्ट, पांच लोग हुए घायल

मुंबई की हाईराइज बिल्डिंग में एक लिफ्ट अचानक गिर गई, इस हादसे ने कम से कम पांच लोगों को घायल कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात मध्य मुंबई के बायकुला इलाके में स्थित एक 18 मंजिला आवासीय इमारत में यह दुखद हादसा हुआ।

## डिप्टी सेक्रेटरी नीरज सचान बने संयुक्त सचिव

लखनऊ, उत्तर प्रदेश विधानसभा में कार्यरत डिप्टी सेक्रेटरी श्री नीरज सचान को पदोन्नति प्रदान करते हुए संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सूचना मिलते ही विधानसभा के गलियारों में खुशी का माहौल छा गया तथा अधिकारियों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाइयाँ दी जाने लगीं। श्री सचान लंबे समय से विधानसभा की प्रशासनिक एवं संसदीय व्यवस्था से जुड़े रहे हैं। उनकी कार्यकुशलता, निष्ठा एवं व्यापक अनुभव को देखते हुए यह पदोन्नति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सहयोगियों का कहना है कि उनके नेतृत्व में विभागीय कार्यों को नई गति मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।



विधानसभा से जुड़े अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री सचान को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।




# सम्पादकीय

## लोकसभा अध्यक्ष हटाना चाहता विपक्ष!

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 94सी प्रवधानों के अंतर्गत सदन के महासचिव को नोटिस सौंपा और आरोप लगाया कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष द्वारा सदन के संचालन से असंतुष्ट है। कांग्रेस, समाजवादी पाटा, द्रमुक वुछ और इंडिया गठबंधन की पार्टियों के 118 सदस्यों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किया है। मजे की बात तो यह है कि जैसे ही महासचिव ने यह जानकारी लोकसभा अध्यक्ष को दी तो उन्होंने तत्काल यह इच्छा व्यक्त की कि जब तक इस नोटिस का निराकरण नहीं हो जाता, वह स्पीकर के आसन पर नहीं बैठेंगे। इसका मतलब यह हुआ कि अभी तो विपक्ष की सूची का सत्यापन होगा फिर कहीं लोकसभा के अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

दरअसल पूरे झगड़े की जड़ यही है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख की अप्रकाशित पुस्तक में एक प्रसंग को लेकर बोलना चाहते थे जिसे पीठ ने अनुमति नहीं दी। इस पीठ के प्रमुख तो लोकसभा अध्यक्ष ही हैं जबकि उसके सदस्य सभी पार्टियों के एमपी हैं। मान लीजिए यदि लोकसभा अध्यक्ष और उनकी पाटा के सदस्यों ने आसन पर विराजमान होने के दौरान राहुल को अनुमति नहीं दी तो क्या विपक्ष के सदस्यों ने भी राहुल को बोलने से मना करके संसदीय भावना के विरुद्ध कार्य किया। सच तो यह है कि पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की पुस्तक पर बोलने के मुद्दे को लेकर विपक्ष खुद ही एक मत नहीं है। इस नोटिस को ही देखने से ही स्पष्ट हो जाता है। इस पर सारे विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर नहीं हैं कारण कि टीएमसी ने पहले ही मना करके दो टूक कहा था कि वह ऐसा वुछ भी नहीं करेगी जिससे टकराव बढ़े। लोकसभा स्पीकर और कांग्रेस में नाराजगी का कारण यह भी है कि हुड़दंगई करने वाले 8 सांसदों को सत्र के शेष कार्यावधि से बाहर कर दिया है। कांग्रेस ने इस नोटिस के पहले स्पीकर से अनुरोध किया था कि वह सभी 8 सांसदों को आरोप मुक्त कर दें किन्तु लोकसभा के स्पीकर ने कांग्रेस के इस प्रस्ताव को मानना तो दूर बल्कि उसका अध्ययन तक करना उचित नहीं समझा। दूसरी तरफ कांग्रेस पाटा लोकसभा में अपने नेता राहुल गांधी के बोलने के मुद्दे पर शीर्ष नेतृत्व के दबाव में है। यही कारण है कि यदि पाटा के एक वर्ग को उनका यह व्यवहार अच्छा नहीं लगता। असल में टकराव से बचने वाले तमाम कांग्रेसी तो पाटा छोड़कर या तो चले गए या उन्हें पाटा छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया। इसलिए आज पाटा में वरिष्ठ नेता राहुल का विरोध करके राजनीतिक शहीद बनने से बचते हैं। यही कारण है कि पाटा में वही होता है जो राहुल गांधी चाहते हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस टकराव का पाटा को फायदा क्या होगा? बहरहाल यह आसन से टकराव का ही परिणाम है कि पाटा के सदस्य उन मुद्दों को भी नहीं उठा पाए जिसके लिए वे चुने गए हैं। वुल मिलाकर राजनीतिक टकराव का कांग्रेस और विपक्ष को किसी तरह का लाभ होने वाला नहीं है क्योंकि 'धारणा' हमेशा तर्व से ऊपर होती है और धारणा यही है कि बहानों की झड़ी लगाकर विपक्ष ने बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण प्रस्ताव को बर्बाद किया फिर बजट प्रस्ताव पर चर्चा को भी बाधित किया। लब्बोलुआब यह है कि कांग्रेस और विपक्षी सहयोगी यह जानते हुए भी कि वे लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने में सफल नहीं होंगे, फिर भी राजनीतिक मजबूरी में संवैधानिक संस्था के मुखिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं तो इसका मतलब है कि उन्हें परिणाम से वुछ भी लेना-देना नहीं है बल्कि राजनीति के लिए स्पीकर को हटाने का अभिनय करना है।

# पीएम किसान की 22वीं किस्त से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कही ये बड़ी बात

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त अब आने ही वाली है। देश के करोड़ों किसानों की निगाहें पीएम किसान की 22वीं किस्त पर है, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से कोई आधिकारिक तारीख नहीं बताई गई है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान योजना पर बड़ा बयान दिया है।

पीएम किसान योजना पर पूछा गया सवाल

संसद में एक सवाल पूछा गया कि अब तक इस किस्त के जरिए किसानों के खाते में कितने रुपये क्रेडिट हुए? इस पर भी पीएम मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान अपनी बात रखी।

पीएम मोदी ने क्या कहा?

पीएम मोदी ने इस सवाल के जवाब पर कहा, 'हम जमीनी हकीकत से परिचीत थे, इसलिए पीएम किसान योजना लेकर आए। हमारे दिल में छोटे किसानों के प्रति दर्द था। इसी कारण हम पीएम किसान सम्मान निधि योजना लेकर आए। इतने कम समय में सरकार ने छोटे किसानों के खातों में लगभग चार लाख करोड़ रुपये दिए हैं। चार लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा छोटा नहीं होता।'

नवंबर में जारी हुई थी 21वीं किस्त

आपको याद दिला दें कि पिछले साल नवंबर में पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त जारी हुई थी जिसके तहत 9 करोड़ किसानों के खाते में 2,000 रुपये भेजे गए थे। अब सभी किसान 22वीं किस्त का इंतजार कर रहे हैं।

फार्मर आईडी है जरूरी

कुछ दिन पहले ही सरकार ने साफतौर पर कहा है कि पीएम किसान योजना का लाभ लेने वाले सभी किसानों को फार्मर आईडी बनवानी होगी। फार्मर आईडी का फायदा किसानों को पीएम किसान योजना के अलावा कई योजनाओं में मिलेगा और साथ में खाद बीज की खरीदी में भी इसका फायदा मिलेगा।

बिहार के किसानों को 9000 रुपये

हाल ही में बिहार सरकार ने अपने बजट में किसानों को बड़ा तोहफा देते हुए पीएम किसान की राशि को 3,000 रुपये कर दी है। उसके बाद अब बिहार के किसानों को हर साल 6,000 रुपये की जगह 9,000 रुपये मिलेंगे।

कब आएगी पीएम किसान की 22वीं किस्त?

पीएम किसान की 22वीं किस्त में देर तो हो रही है लेकिन इस सवाल का जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है। सरकार ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, हालांकि उम्मीद की जा रही है कि होली से पहले पीएम किसान की 22वीं किस्त जारी हो सकती है।




# अप्रैल से बदल जाएंगे पैन कार्ड से जुड़े ये बड़े नियम,आपके जिंदगी में क्या बदलेगा?

(जीएनएस)।

अगर आप बैंक में कैश जमा करने या निकालने के लिए PAN कार्ट का इस्तेमाल करते हैं तो यह काम की खबर आपके लिए है। New I»»fcome TÔx DrÔft 2026 के तहत अगर आप गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे हैं, होटल या इवेंट में पेमेंट करते हैं या फिर इंश्योरेंस पॉलिसी लेते हैं, तो आने वाला समय इसे लेकर कई बदलाव आ सकता है।

सरकार का साफ मकसद है छोटे और रोजमर्रा के लेन-देन में लोगों को राहत देना, जबकि बड़े पैसों के ट्रांजैक्शन पर सख्त निगरानी बनाए रखना।

आइए, आसान भाषा में समझते हैं कि नए नियमों से आपकी रोजमर्रा की जिंदगी में क्या बदलाव आ सकते हैं।

आपकी की जिंदगी में क्या बदलाव होगा?

केंद्र सरकार ने नए इनकम टैक्स रूल्स 2026 का ड्राफ्ट जारी किया है, जिसमें ढअठ कार्ड से जुड़े नियमों को आसान और व्यावहारिक बनाने की तैयारी है। ये नियम नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 से जुड़े हैं और इन्हें 1 अप्रैल 2026 से लागू करने का प्रस्ताव है। इसे लागू होने के बाद आपकी जिंदगी पर क्या असर पड़ेगा...

बैंक में कैश जमा और निकासीः अब सालाना लिमिट देखी जाएगी

ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक, अब बैंक में कैश जमा या निकालने पर रोज-रोज पैन कार्ड दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। PAN कार्ड तभी देना होगा, जब कोई व्यक्ति एक वित्तीय वर्ष में अपने एक या एक से ज्यादा बैंक खातों से कुल 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश जमा करता है या निकालता है।

अभी तक नियम यह था कि एक ही दिन में 50 हजार रुपये से ज्यादा कैश जमा करने पर पैन देना जरूरी होता है। नया नियम डेली लिमिट की जगह पूरे साल के कुल लेन-देन पर फोकस करता है, जिससे आम खाताधारकों को काफी राहत मिल सकती है।

इंश्योरेंस लेने वालों के लिए जरूरी अपडेट

ड्राफ्ट नियमों में इंश्योरेंस सेक्टर को लेकर भी बदलाव प्रस्तावित हैं। नए नियमों के अनुसार, जब भी कोई व्यक्ति किसी इंश्योरेंस कंपनी के साथ




अकाउंट आधारित रिश्ता शुरू करेगा, तो PAN कार्ड देना अनिवार्य होगा। फिलहाल पैन कार्ड तब मांगा जाता है, जब लाइफ इंश्योरेंस का सालाना प्रीमियम 50 हजार रुपये से ज्यादा हो। नए नियम लागू होने पर इंश्योरेंस से जुड़े सभी बड़े ट्रांजैक्शन टैक्स सिस्टम के दायरे में आसानी से आ सकेंगे।

गाड़ी खरीदने पर किसे राहत मिलेगी?

वाहन खरीदने वालों के लिए यह बदलाव राहत भरा है। ड्राफ्ट के मुताबिक, अब ढअठ कार्ड तभी देना होगा, जब कार या बाइक की कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा होगी। अब तक किसी भी कीमत की गाड़ी खरीदने पर पैन देना जरूरी था और दोपहिया वाहनों को लेकर नियम स्पष्ट नहीं थे। नए नियम से सस्ती कार या बाइक खरीदने वालों का कागजी झंझट कम हो सकता है।

प्रॉपर्टी डील में बढ़ी PAN की सीमा

घर, फ्लैट या प्लॉट खरीदने-बेचने और गिफ्ट से जुड़ी प्रॉपर्टी डील में भी राहत का प्रस्ताव है। नए ड्राफ्ट के अनुसार, अब 20 लाख रुपये से ज्यादा की प्रॉपर्टी डील पर ही PAN कार्ड देना होगा। अभी यह सीमा 10 लाख रुपये है। प्रॉपर्टी की बढ़ती कीमतों को देखते हुए यह बदलाव आम लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है।

होटल, शादी और इवेंट पेमेंट पर नया नियम

अगर आप होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, कन्वेंशन सेंटर या इवेंट मैनेजर को पेमेंट करते हैं, तो नए नियम आपके लिए अहम हैं। ड्राफ्ट के मुताबिक, अब PAN तभी देना होगा, जब बिल की रकम 1 लाख रुपये से ज्यादा होगी।अभी यह सीमा 50 हजार रुपये है। इससे शादी-ब्याह और पारिवारिक कार्यक्रमों में बार-बार पैन देने की परेशानी कम हो सकती है।

ठीҫ क्ल्लूड्डी ऊ्रां३ 2026 में नौकरीपेशा लोगों के लिए क्या बदलेगा?

ड्राफ्ट नियमों में नियोक्ता के जरिए मिलने वाले कुछ बेनिफिट्स की वैल्यू लिमिट बढ़ाने का भी सुझाव है। इससे सैलरी स्ट्रक्चर को सरल बनाने में मदद मिल सकती है और कर्मचारियों को टैक्स से जुड़ी कुछ राहत मिल सकती है।

क्रिप्टो और डिजिटल पेमेंट पर भी फोकस

सरकार की नजर क्रिप्टो और डिजिटल ट्रांजैक्शन पर भी है। ड्राफ्ट में क्रिप्टो एक्सचेंज को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ ट्रांजैक्शन डिटेल्स साझा करने का प्रस्ताव है। साथ ही, डिजिटल रुपया (CBDC) को वैध इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट का दर्जा देने की बात कही गई है।

कब से लागू होंगे नियम?

CBDT ने बजट 2026 के बाद इन ड्राफ्ट नियमों को जनता की राय के लिए जारी किया है। सभी सुझावों पर चर्चा के बाद मार्च 2026 तक इन्हें अंतिम रूप दिया जा सकता है। नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 और उससे जुड़े नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना है।

अगर ये नियम इसी रूप में लागू होते हैं, तो आम लोगों के लिए छोटे और रोजमर्रा के ट्रांजैक्शन आसान हो जाएंगे, जबकि बड़े लेन-देन पर सरकार की पकड़ और मजबूत होगी। कुल मिलाकर, यह बदलाव टैक्स सिस्टम को ज्यादा सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# यूपी करम को हराकर नवल टाटा ओडिशा बना लिटिल चैम्पियन

**राउंड ग्लास अकादमी को तीसरा और पंजाब मोहाली को चौथा स्थान मिला**

लखनऊ। राजधानी के गोमतीनगर स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहीद हाकी स्टेडियम में आयोजित 36वां अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू अंडर-14 सब जूनियर पांच लाख नगद प्राईजमनी बालक हाकी टूनार्मेंट के फाइनल मैच में मेजबान यूपी करम को ओडिशा नवल टाटा से 2-0 गोल से हार का मुंह देखकर दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। लिटिल चैंप के खिताबी मुकाबले में मेहमान टीम चैम्पियन रही। यूपी करम को दूसरा स्थान मिला। तीसरे स्थान के मैच में राउंड ग्लास हाकी अकादमी ने पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली को 3-1 गोल से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि मोहाली को चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा।

खेले गये खिताबी मुकाबले में यूपी करम के खिलाड़ियों को अटैक और डिफेंस शुरू से ही कमजोर




दिखा। मेहमान टीम ओडिशा के खिलाड़ियों ने अपनी आक्रमकता को बरकरार रखते हुए फाइनल मैच में भी बादशाहत बनाये रखी। ओडिशा की ओर से अभिषेक सोरंग ने 21वें और 39वें मिनट में 2 गोल दागकर स्कोर अंत तक कायम रखते हुए खिताब जीत लिया। टूनार्मेंट के समापन समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि कविता निगम, करम ग्रुप ऑफ कंपनीज और आजमगढ़ के पांच बार के विधायक आलम बादी विशिष्ट अतिथि ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों के पुरस्कार वितरित करते हुए बच्चों को मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर केडी सिंह बाबू सोसाईटी के टूनार्मेंट आयोजक ओलंपियन सैयद अली, सुजीत कुमार, दानिश मुजतबा, रचना गोविल, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मंजू बिष्ट, इमरानुल हक, राजेश टंडन, इनायत उल्लाह, धीरेंद्र सिंह उर्फ कमांडर, सोसाइटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष खुर्शीद मनोज, गुरतोष पांडे और यूपी करम के कोच कुलदीप मौर्या और जिला हाकी संघ के सचिव अविनाश श्रीवास्तव और अन्य मौजूद रहे।

टूनार्मेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यूपी टीम के उज्जवल, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर राउंड ग्लास के प्रिंसिपल सिंह, सर्वश्रेष्ठ हाफ गोलकीपर राउंड ग्लास के सुलेमान, सर्वश्रेष्ठ फुलबैक अभिषेक सोरेंग रहे। सभी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को संकल्प साह द्वारा उनके नाना स्वर्गीय किशोरी लाल की स्मृति में 20000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यूपी के उज्जवल को ग्रेस एंटरप्राइजेज की ओर से एक पूरी किट भेंट की गई।

# सुप्रिया लाइफसाइंस ने वित्त-वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में रेवेन्यू में साल-दर-साल 11% की बढ़ोतरी के साथ दमदार प्रदर्शन किया

11 फरवरी, 2026ः सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड ॠटढ के अनुरूप कारोबार करने वाली कंपनी है, जिसका अढक निर्माण में ट्रैक-रिकॉर्ड बेहद दमदार रहा है, और यह एंटी-हिस्टामाइन, एंटी-एलर्जिक, विटामिन, एनेस्थेटिक और एंटी-अस्थमेटिक सहित चिकित्सा के अलग-अलग खंडों के लिए प्रोडक्ट्स तैयार करने पर विशेष ध्यान देती है। कंपनी ने आज वित्त-वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के लिए बिना ऑडिट वाले वित्तीय विवरण जारी किए हैं। कंपनी का कारोबार दुनिया भर में 120 से अधिक देशों में फैला हुआ है।

वित्त-वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में, सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड के रेवेन्यू में साल-दर-साल 11.2% की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह वित्त-वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 185.65 करोड़ रुपये की तुलना में 206.44



करोड़ रुपये हो गई।

वित्त-वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में एइक्लळऊअ 72.08 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें एइक्लळऊअ मार्जिन 34.9% रहा, जबकि इसकी तुलना में वित्त-वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में एइक्लळऊअ 65.96 करोड़ रुपये था, जिसमें एइक्लळऊअ मार्जिन 35.5% था।

वित्त-वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में कर अदायगी के बाद लाभ 49.68 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त-वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में यह 46.78 करोड़ रुपये था।

वित्त-वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के दौरान ढअळ मार्जिन 24.1% रहा, जो इसकी तुलना में वित्त-वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के दौरान 25.2% था।

वित्त-वर्ष 26 के शुरूआती 9 महीने में एनेस्थेटिक सेगमेंट ने रेवेन्यू बढ़ाने में सबसे अहम भूमिका निभाई, जिसका योगदान वित्त-वर्ष 25 के शुरूआती 9 महीने में 48% के मुकाबले बढ़कर 54% हो गया। इस अवधि के दौरान विटामिन सेगमेंट में भी सुधार देखा गया, और इसका योगदान 11% से बढ़कर 12% हो गया।

मौजूदा प्रगति लैटिन अमेरिका के बाजार की वजह से हुई है। लैटिन अमेरिकी बाजारों का योगदान 21% से बढ़कर 24% हो गया, जबकि वित्त-

# किचन में पनप रहा प्यार! राहुल वैद्य ने प्रपोज डे बैश के साथ कलर्स के 'लाफ्टर शेफ्स' में एंट्री मारी

तैयार हो जाइए ढेर सारे हंगामे के लिए, क्योंकि कलर्स का 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' यह साबित करने निकला है कि ज्यादा शेफ सिर्फ खाना ही खराब नहीं करते - बल्कि उसे मजेदार भी बनाते हैं। किचन में रोमांस के तड़के के साथ डिनरटेनमेंट बन रहा है और प्रपोज डे स्पेशल के ठीक समय पर, ओजी सर्कल का गायब इंग्रेडिएंट वापस आ गया हैः एक और सिर्फ. राहुल वैद्य। जैसे ही राहुल ने कदम रखा, उन्होंने पूरे कमरे को रोमांटिक माहौल में बदल दिया, जिससे भारत का पसंदीदा टेलीविजन किचन एक फुल-ऑन कॉन्सर्ट बन गया। कुकिंग बैटल के बीच, पूरी टीम ने अपने काउंटर छोड़कर अचानक डांस फ्लोर पर डांस करना शुरू कर दिया, और गुलाबी आँखें और दिल तो पागल है जैसे क्लासिक्स पर झूमने लगे।

जब म्यूज़िक बंद हुआ, तो कुक-ऑफ में कॉम्पिटिशन की आग फिर से भड़क उठी। सुदेश लहरी की गैरमौजूदगी में, राहुल ने फायरक्रैकर निया शर्मा के साथ मिलकर एक ऐसा मेन्यू बनाया जो एक कुकिंग चैलेंज जैसा लगता हैः प्याज की खीर (हाँ,



प्याज की पुडिंग) जिसके बाद एक दिल को सुकून देने वाली लोबिया की डिश।

अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए राहुल वैद्य ने कहा, "ईमानदारी से कहूँ तो लाफ्टर शेफ्स में वापस आकर ऐसा लग रहा है जैसे घर वापस आ गया हूँ, बस यहाँ सोफे की जगह फ्राइंग पैन और पूरा ड्रामा है! मुझे सच में यह पागलपन, लोग और यह क्रेजी एनर्जी बहुत याद आई, जो आपके साथ तब भी रहती है जब आप दूर होते हैं। निया के साथ खाना बनाना एक बिल्कुल नया एडवेंचर था, मसालेदार, अप्रत्याशित और फुल एंटरटेनमेंट, बिल्कुल उसकी तरह! और अली से दोबारा मिलकर बहुत सारी यादें ताजा हो गईं और वह कम्फर्ट मिला जो काम पर कम ही मिलता है। मैं जहाँ भी जाता हूँ, दोस्त मुझसे कहते रहते हैं कि वे इस शो के कितने दीवाने हैं, और अब जब मैं वापस आ गया हूँ, तो मुझे पूरी तरह समझ में आ गया है कि यह सीजन क्यों इतना अलग है। इस प्रपोज डे पर मैं कहना चाहता हूँ कि प्यार को हमेशा गुलाब और कैंडललाइट की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी यह हँसने, छेड़ने और अपने माता-पिता, भाई-बहन, दोस्तों और बच्चों के लिए मौजूद रहने के बारे में होता है। अगर यह शो लोगों को 'आई लव यू' कहने का एक और कारण देता है, तो मुझे लगता है कि हमने अपना काम कर दिया है!"

निविया सॉफ्ट और रियलमी स्मार्टफोन पेश करते हैं 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट', जिसे एनवी परफ्यूम्स, कैच मसाले, किसान चटनी, विनोद इंटेलिजेंट कुकवेयर और राजधानी बेसन ने को-पावर्ड किया है। स्पेशल पार्टनर सिग्नेचर ब्लैंकेट और निरम एडवांस वॉशिंग पावडर हैं। हर शनिवार-रविवार रात 9:00 बजे सिर्फ कलर्स पर देखें!

# आशियाना परिवार लखनऊ ने सर्वधर्म संभाव का आयोजन किया




लखनऊ। भाग्योदय फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक आचार्य राम महेश मिश्र का राजधानी लखनऊ में हुआ भव्य सम्मान। श्री मिश्र को यह सम्मान विचार क्रान्ति एवं आध्यात्मिक जगत की विभिन्न सराहनीय गतिविधियों तथा हिन्दी साहित्य जगत में सक्रिय योगदान के लिए दिया गया। सरोजिनीनगर लखनऊ से विधायक श्री राजेश्वर सिंह द्वारा यह सम्मान उन्हें आशियाना परिवार लखनऊ के वार्षिक कार्यक्रम में दिया गया। ज्ञातव्य हो, श्री सिंह आईपीएस अधिकारी के रूप में गृह मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के संयुक्त निदेशक रहे हैं। इस अवसर पर हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी, बहाई आदि धर्मों के प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद थे। आशियाना परिवार के अध्यक्ष

तथा विभिन्न संगठनों के प्रमुखों ने आचार्य मिश्र को बधाई दी। इस अवसर पर सभी को भाग्योदय फाउंडेशन की पुस्तक "समग्र व्यक्तित्व निर्माण एवं सफल जीवन के 108 महत्वपूर्ण सूत्र" भेंट की गई। विधायक श्री सिंह ने भारत के विकास में वैज्ञानिकों के अमूल्य योगदान से देश की नई पीढ़ी को परिचित कराने वाली पत्रिका 'भारत की विज्ञान यात्रा' की सराहना की।

उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्री सुशील दूबे उनके सराहनीय कार्य के लिये विधायक श्री राजेश्वर सिंह ने सम्मानित किया। समाज सेवा में अग्रणी श्रीमती किरण पाण्डेय को भी विधायक श्री राजेश्वर सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR
Rage.Office: TF-01, Nanakram Super Market, Ramnagar, Sabarmati, Ahmedabad - 380 005 Gujarat,India. Phone : (O) 9016333307(M)9328333307,9825333307
Email : garvigujarat2007@gmail.com*garvigujarat2007@yahoo.com*Website : www.garvigujarat.co.in

# उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने किया लखनऊ में बंधन बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

*** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने आशियाना, लखनऊ में बंधन बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया**

*** बैंक ने विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एंड इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ को एक उन्नत लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस दान किया**

*** बैंक ने सीएसआर के तहत पूरे भारत में 18 उन्नत लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस दान किये हैं**






लखनऊ, 11 फरवरी, 2026: बंधन बैंक ने आज आशियाना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपनी नई शाखा खोलने की घोषणा की। इस शाखा का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री ब्रजेश पाठक ने बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और सीबीओ, श्री राजिंदर कुमार बब्बर और रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम तथा विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एंड इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ के सचिव, स्वामी मुक्तिनाथानंद की मौजूदगी में किया। इस मौके पर बंधन बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैंक ने नई शाखा के उद्घाटन के अलावा, अपने सीएसआर पहल के तहत विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एंड इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश को एक उन्नत लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस दान किया। एम्बुलेंस को उत्तर प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री ब्रजेश पाठक और बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और सीबीओ, श्री राजिंदर कुमार बब्बर ने स्वामी मुक्तिनाथानंद, सचिव, रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम और विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एंड इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ को सौंपा।

शाखा नेटवर्क के विस्तार से स्पष्ट है कि बैंक विविधीकरण और अपनी राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दे रहा है। आशियाना, लखनऊ में नई शाखा के उद्घाटन से बैंक अपने ग्राहकों की अलग-अलग वित्तीय जरूरतें बेहतर तरीके से पूरी कर पाएगा। बैंक इस विस्तार के साथ ग्राहकों के लिए नवोन्मेषी बैंकिंग समाधानों की उपलब्धता बढ़ा रहा है। बैंक इस लॉन्च के साथ, अब उत्तर प्रदेश में 560 बैंकिंग शाखाओं के मजबूत नेटवर्क का परिचालन करता है, जो 32 लाख से ज्यादा ग्राहकों और पूरे भारत में 6,490 से ज्यादा बैंकिंग शाखाओं को सेवा प्रदान करता है।

बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और सीबीओ, श्री राजिंदर कुमार बब्बर ने कहा, 'हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों और सेवाओं में बदलाव कर उन्हें बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रतिबद्धता के तहत, हमें आशियाना, लखनऊ में नई शाखा खोलने की घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है। आने वाले दिनों में वृद्धि दर्ज करते हुए, हम सतत विकास और बदलती उम्मीदों को पूरा करने वाले नवोन्मेषी, लचीले समाधान प्रदान करने पर ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा, अपनी कॉर्पोरेट सामजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) से जुड़ी पहलों के जरिए, हम आपात चिकित्सा व्यवस्था बढ़ाना और विभिन्न समुदायों को सेवा प्रदान करने वाले अस्पतालों को समर्थन प्रदान करना चाहते हैं। इस पहल के साथ, हम लोगों की ज़िंदगी में बदलाव लाना चाहते हैं, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सबसे अधिक जरूरत के समय चिकित्सा उपलब्ध हो।'

बैंक ने अपनी 10वीं सालगिरह के जश्न के उपलक्ष्य के तौर पर, विभिन्न समुदायों के लिए आपात चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए पूरे भारत में कुल 18 उन्नत लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस दान की है। यह पहल स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और चिकित्सा हासिल करने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दिखाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आपात स्थिति में मरीजों को समय पर चिकित्सा मिले।ये एम्बुलेंस देश भर के जाने-माने मेडिकल संस्थानों और स्वास्थ्य संगठनों को दान की गई हैं, जिनमें दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद, कोलकाता, हैदराबाद, कटक, वडोदरा, जयपुर, मथुरा, जालंधर, अहमदनगर, पूर्व मेदिनीपुर, मुर्शिदाबाद, सूरत और सिकंदराबाद के संस्थान और संगठन शामिल हैं। कई राज्यों में स्वास्थ्य से जुड़े ढांचे को बेहतर बनाकर और अस्पतालों की मदद कर, बैंक अपेक्षाकृत अधिक मजबूत, स्वस्थ और प्रतिकूल परिस्थितियों को झेल जाने वाले समुदाय के निर्माण में योगदान दे रहा है।

## गतिशील नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की तेज गति और स्थिर वृद्धि देखकर अत्यंत हर्ष




डॉ. उपासना अरोड़ा, चेयरपर्सन, सीआईआई उत्तर प्रदेश राज्य & मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड।

माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के गतिशील नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की तेज गति और स्थिर वृद्धि देखकर अत्यंत हर्ष हो रहा है, क्योंकि यह बजट उत्तर प्रदेश के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा 9 लाख करोड़ से अधिक का बजट है, जो पिछले आवंटन से 12.2 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। यह मील का पत्थर बजट सरकार को लोगों के सतत एवं समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिलाओं, युवाओं, किसानों एवं गरीब वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में सक्षम बनाएगा।

स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अकेले 46 हजार करोड़ से अधिक का बजट आवंटन एवं 14 नए मेडिकल कॉलेजों की घोषणा स्वास्थ्य अवसंरचना को और मजबूत करेगा तथा लोगों पर चिकित्सा बोझ को कम करेगा। कैंसर एवं डायबिटीज की दवाओं पर मूल्य में कमी से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# कल्लू-सुल्तान जमीन के सौदे से लेकर धर्म परिवर्तन तक की होम डिलीवरी!

**रियल एस्टेट, जहाँ प्लॉट के साथ धमकियाँ' मुफ्त मिलती हैं!**

लखनऊ। नवाबों का शहर अपनी तहजीब के लिए मशहूर पर आज की तहजीब का नया चेहरा देखिए, जो वजीरगंज थाने की चौखट पर एक शिकायत के रूप में खड़ा है। पिंकी बदला हुआ नाम जो बेचारी खुद को रियल एस्टेट एजेंट समझती थी, उसे शायद ये नहीं पता था कि यहाँ जमीन के सौदे सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि धर्म और जान की बाजी लगाकर होते हैं। पिंकी की गलती बस इतनी थी कि उसने कुछ सम्मानित ग्राहकों शहबान अहमद उर्फ कल्लू और सुल्तान अहमद, को प्लॉट दिखाने की जुर्रत की।



आम तौर पर बिजनेस में बात न बने तो लोग हाथ मिला कर आगे बढ़ जाते हैं, पर यहाँ तो पहुँचे हुए कलाकार निकले। जब पिंकी ने उनके नेक इरादों को भांपकर किनारा कर लिया, तो उन्होंने इसे अपनी शान में गुस्ताखी मान ली। पीछा करने का ऐसा जुनून कि मटियारी से लेकर सिविल कोर्ट तक के रास्तों को अपनी जागीर समझ लिया।

हद तो तब हो गई जब 31 जनवरी को न्याय के मंदिर सिविल कोर्ट के ठीक बाहर इन महानुभावों ने अपना असली एजेंडा खोला। वहां न कानून का डर था, न वर्दी का खौफ। बीच सड़क पर उन्होंने पिंकी को मुफ्त मशविरा दे डाला, धर्म बदलो और समाज में आओ। जैसे कोई क्लब की मेंबरशिप ऑफर कर रहे हों! वरना रेप करेंगे और पति को मार डालेंगे। वाह! क्या गजब की मार्केटिंग है। जमीन नहीं खरीदी, तो ज़िंदगी ही छीन लेने का कॉन्ट्रैक्ट साइन करने पहुँच गए।

शिकायत के मुताबिक ये महाशय कोई नौसिखिए नहीं हैं। इनके नाम पर गैंगरेप और लूट जैसे तमगे पहले से चिनहट थाने में दर्ज हैं। पर देखिए, हमारे सिस्टम की मेहरबानी कि ऐसे हुनहार लोग खुलेआम सड़कों पर घूम कर महिलाओं को जातिसूचक गालियाँ दे रहे हैं और उन्हें सही रास्ता दिखाने का दावा कर रहे हैं।

पिंकी आज डरी हुई है, सहमी हुई है। वह एक अनुसूचित जाति की महिला है जो मेहनत कर अपना घर चलाना चाहती थी। लेकिन अब सवाल यह है कि लखनऊ की पुलिस इन वीरों को सलाखों के पीछे भेजती है या फिर से किसी नई पिंकी के साथ ऐसी ही घटना होने का इंतजार करती है?

नसीहत लखनऊ में प्लॉट खरीदना हो या बेचना, अब साथ में एक छोटा-मोटा सुरक्षा दस्ता रखना शायद जरूरी हो गया है, क्योंकि यहाँ ग्राहक भगवान नहीं, बल्कि यमराज के अवतार बनकर भी आ सकते हैं।

# गला काटने वाली डोर और पल्ला झाड़ने वाले अस्पताल, जिम्मेदार कौन?

**पतंग का शौक या कत्ल का लाइसेंस?**

(जीएनएस)।

लखनऊ। नवाबों के शहर में अब हवाएं सिर्फ ठंडक नहीं लातीं, बल्कि मौत की धार लेकर दौड़ रही हैं। पिछले दिनों एक युवक की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद शासन की नींद टूटी है। मुख्यमंत्री जी ने आदेश दिया है कि अब कातिल डोर के सौदागरों पर हत्या का मुकदमा चलेगा। आदेश शानदार है, पर सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ कागजी पेंच लड़ाना है या जमीन पर भी कुछ बदलेगा?

हमारे शहर के प्राइवेट अस्पतालों की फुर्ती देखकर ओलंपिक वाले भी शरमा जाएं। डिलीवरी के केस में लाखों का बिल फाड़ने वाले ये अस्पताल, जैसे ही गले पर मांझे का घाव देखते हैं, उन्हें अचानक ट्रॉमा सेंटर का रास्ता याद आ जाता है।



शायद इन अस्पतालों के पास सिर्फ उन्हीं मरीजों के लिए बेड है जिनकी जेबें गर्म हों, जिनके गले कटे हों उन्हें तो ये सीधे श्मशान का शॉर्टकट ट्रॉमा सेंटर दिखाकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। अगर आप मरीज को प्राथमिक उपचार नहीं दे सकते और उसे सड़क पर दम तोड़ने के लिए छोड़ देते हैं, तो अस्पताल के बोर्ड पर जीवन रक्षक नहीं, रेफर सेंटर लिखवा देना चाहिए।

हादसे वाली जगह पर अब फरिश्ते नहीं, कंटेंट क्रिएटर आते हैं। सड़क पर तड़पता इंसान किसी के लिए जान बचाने का मौका नहीं, बल्कि वायरल वीडियो बनाने का सुनहरा अवसर बन चुका है। लोग कपड़ा बांधकर खून रोकने के बजाय फोन का कैमरा ऑन कर जूम सेट करने में ज्यादा मशगूल रहते हैं।

छतों पर पतंग उड़ाने वाले तो सिर्फ प्यादे हैं, असली खिलाड़ी तो वो हैं जो बड़े-बड़े टूनार्मेंट करवाते हैं। बड़े-बड़े रसूखदार लोग जब इन पतंगबाजों को सम्मानित करते हैं, तो वे भूल जाते हैं कि वे किसी खिलाड़ी को नहीं, बल्कि एक संभावित हत्यारे को शाबाशी दे रहे हैं।

जब तक इन बड़े आयोजनों पर ताला नहीं जड़ा जाएगा, तब तक गलियों के नादान पतंगबाज नहीं सुधरेंगे। शौक पालना अच्छी बात है, लेकिन ऐसा शौक जो दूसरों के परिवार उजाड़ दे, उसे शौक नहीं नशा और आतंक कहना ज्यादा मुनासिब होगा।

चाइनीज मांझा हो या देशी शीशे वाला धागा, मौत दोनों से आती है। कानून की ताकत सिर्फ तब नहीं दिखनी चाहिए जब कोई मर जाए, बल्कि तब दिखनी चाहिए जब वो मांझा बाजार में बिकने आए।

पतंगबाजी को छतों से हटाकर शहर के बाहर खुले मैदानों में फेंकिए। जवाबदेही अगर रास्ते में पड़ने वाले अस्पताल ने मरीज को बिना उपचार दिए रेफर किया, तो उस अस्पताल के लाइसेंस पर भी वही कातिल मांझा चलना चाहिए।

अगर आपकी पतंग की डोर किसी के घर का चिराग बुझा रही है, तो याद रखिए आप पतंग नहीं, किसी की जिंदगी काट रहे हैं। और ऐसे कातिल शौक को पालने से बेहतर है कि इंसानियत पाल ली जाए।

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के कार्यालय में 'बजट चर्चा' का हुआ आयोजन

**उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं प्रदेश के व्यापारियो ने प्रदेश सरकार के बजट की सराहना की,**

**व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा वित्त मंत्री ने सभी सेक्टर को छूने की कोशिश की**

**प्रदेश सरकार के बजट से प्रदेश के उद्योग एवं व्यापार जगत को परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से मिलेगी गति : संजय गुप्ता**

**व्यापारी बोले :- मध्यम, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग को 3822 करोड़ रुपये के प्रस्तावित फंड मिलने एवं पावरलूम बुनकर, वस्तु एवं गार्मेंटिंग, खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने से व्यापारियों को होगा लाभ: संजय गुप्ता**

**लखनऊ में कुकरैल नाइट सफारी बनने से लखनऊ में व्यापार बढ़ेगा , लखनऊ का होगा विकास : संजय गुप्ता**



लखनऊ- फरवरी, बुधवार ,उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में "बजट चर्चा" कार्यक्रम का आयोजन हुआ प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री द्वारा पेश किए जा रहे बजट का सजीव प्रसारण देखते हुए व्यापारियों ने बजट चर्चा कार्यक्रम में पेश किए गए बजट पर विस्तृत चर्चा की

बजट चर्चा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ,प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक सिंह चौहान, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्याय गुरप्रीत सिंह चड्ढा, प्रदेश उपाध्यक्ष आसिफ किदवई, नगर महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती अनिला अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ,राजेश गुप्ता, प्रवीण मिश्रा सहित कई प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे व्यापारियो ने प्रदेश सरकार के बजट की सराहना की,

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा वित्त मंत्री ने सभी सेक्टर को छूने की कोशिश की तथा इस बजट के माध्यम से प्रदेश का चौमुखी विकास होगा तथा व्यापारियों एवं उद्योगों को भी लाभ होगा उन्होंने कहा धार्मिक पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलने से प्रदेश के कई जिलों के व्यापारियों को सीधा लाभ होगा तथा लोगों की क्रय क्षमता बढ़ेगी जिससे बाजार में आर्थिक गति को बल मिलेगा प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बचत चर्चा के दौरान कहा

केंद्र सरकार ने व्यापारियों को भी एमएसएमई की परिभाषा में शामिल कर लिया है अतः एमएसएमई सेक्टर को 3822 करोड रुपए के प्रस्तावित फंड का लाभ मिलेगा उन्होंने कहा प्रदेश सरकार के बजट से प्रदेश के उद्योग एवं व्यापार जगत को परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से गति मिलेगी पावरलूम बुनकर, वस्तु एवं गार्मेंटिंग, खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने से व्यापारियों को लाभ होगा बजट चर्चा के दौरान सभी पदाधिकारियों ने लखनऊ में कुकरैल नाइट सफारी बनाने की योजना का स्वागत किया व्यापारियों ने कहा इससे लखनऊ में पर्यटकों की संख्या में गुणात्मक वृद्धि होगी जिससे लखनऊ के व्यापारियों का व्यापार बढ़ेगा तथा लखनऊ का और अधिक विकास होगा संजय गुप्ता ने सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बालिकाओं के विवाह के लिए 50000 से बढ़कर ₹100000 सहयोग राशि करने पर भी संतोष जताया तथा रोजगार एवं बुनियादी ढांचे पर तथा ऊर्जा के क्षेत्र में तथा कृषि योजनाओं को बढ़ावा देने को भी व्यापार एवं उद्योग से जोड़ते हुए इसे सकारात्मक बताया साथ ही साथ व्यापारियों ने औद्योगिक क्षेत्र को प्रोत्साहन देने एवं डिफेंस कॉरिडोर के लिए 2000 करोड रुपए के प्रावधान पर भी संतोष जाहिर करते हुए व्यापार एवं उद्योग से जोड़ते हुए इसे व्यापारियों के लिए लाभकारी बताया

### अभिषेक सर्राफ

उपाध्यक्ष, सीआईआई उत्तर प्रदेश &

मैनेजिंग डायरेक्टर, अवध रेल इंफ्रा लिमिटेड



यह बजट विकसित भारत झ 2047 की नींव को और मजबूत करने वाला है। सड़कों, रेलवे, राजमार्गों एवं एक्सप्रेस-वे जैसी अवसंरचना पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, राज्य ने उद्योग के लिए अवसरों का द्वार खोल दिया है, विशेष रूप से राज्य के आर्थिक विकास एवं युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने पर जोर देते हुए। यह अभूतपूर्व बजट सरकार को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में सहायक होगा।

### श्रीमती स्मिता अग्रवाल,

पूर्व चेयरपर्सन, सीआईआई - यू0पी एवं

निदेशक एवं सीएफओ, पीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड




उत्तर प्रदेश के बजट 2026-27 में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के लिए ₹3,822 करोड़ का आवंटन एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि एमएसएमई न केवल राज्य का सबसे बड़ा रोजगार प्रदान करने वाला क्षेत्र हैं, बल्कि स्थानीय औद्योगीकरण और उद्यमिता का महत्वपूर्ण इंजन भी हैं। इस बढ़े हुए आवंटन के साथ—जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है—राज्य का उद्देश्य ऋण पहुंच (credit access) को विस्तृत करना, क्लस्टर विकास, कौशल संपर्क और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जैसी योजनाओं के लिए समर्थन प्रदान करना है।

### श्री जय अग्रवाल

पूर्व अध्यक्ष - सी.आई.आई. - यू0पी तथा

निदेशक - सी.पी. मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड



मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के साथ-साथ नये औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना तथा मौजूदा बुनियादी ढांचे और औद्योगिक योजनाओं को मजबूत करने के लिए लगभग 27,000 करोड़ के बजटीय आवंटन एक प्रशंसनीय कदम है। यह न केवल राज्य में निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य को भी मजबूत बनाएगा। मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख सूक्ष्म उद्यमों को जोड़ने के उद्देश्य से 1,000 करोड़ का आवंटन भी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक सराहनीय कदम है।

### श्री आकाश गोयनका

पूर्व अध्यक्ष, सीआईआई - यू0पी एवं

निदेशक, गोल्डी ग्रुप




उत्तर प्रदेश बजट 2026-27 में कानपुर, मेरठ और आगरा के विकास के लिए विशेष रूप से ₹720 करोड़ का आवंटन इन महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों में एक रणनीतिक और अत्यंत आवश्यक निवेश का प्रतीक है। बुनियादी इंफ्रास्ट्रचर को और सुदृढ़ करने के साथ ही, यह आवंटन कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा—जो कानपुर के चमड़ा और कपड़ा क्लस्टर, मेरठ के खेल वस्तुओं और विनिर्माण, तथा आगरा की हस्तशिल्प और आतिथ्य से जुड़ी पर्यटन-चालित अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

# जर्जर संजय सेतु की मरम्मत: क्या करदाताओं के धन का उपयोग स्थायी और दीर्घकालिक समाधान हेतु नहीं किया जाना चाहिए? – संजीव सिंह राठौर






बहराइच/देवीपाटन मंडल, घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु की लगातार जर्जर होती स्थिति को लेकर क्षेत्र में गहरी चिंता व्याप्त है। विगत लगभग आठ वर्षों से यह पुल अस्थायी मरम्मत और अंतरिम व्यवस्थाओं के सहारे संचालित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर स्थायी समाधान की मांग उठाई जाती रही है, किंतु नए पुल के निर्माण की दिशा में अब तक ठोस प्रगति परिलक्षित नहीं होती। हर बार पूछे जाने पर यह कहा जाता है कि प्रस्ताव भेजा जा चुका है, डीपीआर तैयार की जा रही है या बजट स्वीकृति की प्रतीक्षा है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है और केवल मरम्मत कार्यों का दोहराव होता रहा है। उपलब्ध जानकारियों के अनुसार वर्षों में मरम्मत पर लाखों-करोड़ों रुपये व्यय किए गए, फिर भी पुल की संरचनात्मक मजबूती को लेकर संतोषजनक आश्वासन सामने नहीं आया। विशेषज्ञों का मत है कि यदि किसी संरचना की मूल अवस्था निरंतर कमजोर हो रही हो, तो बार-बार की मरम्मत दीर्घकालिक समाधान सिद्ध नहीं होती। ऐसी स्थिति में पुनर्निर्माण अथवा समानांतर नए पुल के निर्माण पर प्राथमिकता से विचार आवश्यक होता है। संजय सेतु केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं की जीवनरेखा है। किसी संभावित दुर्घटना की आशंका नागरिकों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न कर रही है। ऐसे में जनता के मन में स्वाभाविक प्रश्न उठ रहे हैं: क्या क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है? क्या करदाताओं के धन का उपयोग स्थायी और दीर्घकालिक समाधान हेतु नहीं किया जाना चाहिए? क्या आठ वर्षों का इंतजार पर्याप्त नहीं है? उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित विभागों एवं शासन से मांग की जाती है कि: संजय सेतु की वर्तमान संरचनात्मक स्थिति की स्वतंत्र एवं पारदर्शी तकनीकी जांच कराई जाए। नए पुल के निर्माण हेतु स्पष्ट एवं समयबद्ध कार्ययोजना सार्वजनिक की जाए। स्वीकृत बजट, प्रगति रिपोर्ट तथा निर्धारित समयसीमा की जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा की जाए। निर्माण पूर्ण होने तक सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न्यूनतम रहे। यह विषय केवल एक पुल तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की सुरक्षा, विश्वास और क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ा है। अब समय आ गया है कि अस्थायी मरम्मत के चक्र से आगे बढ़कर स्थायी समाधान की दिशा में निर्णायक कदम उठाए जाएँ।

# सीएम ग्रिड योजना में 30 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का शुभारंभ

मथुरा (जीएनएस)। सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत भूतेश्वर तिराहा से लेकर मसानी चौराहा (अग्रसेन) तक करीब 30 करोड़ रुपए से बनने वाली सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़कर महापौर विनोद अग्रवाल ने विधि-विधान से किया। नगर आयुक्त जगप्रवेश ने आवागमन सुचारू रखते हुए निर्माण की बात कही है। इसी के साथ जनता को परेशानी न होने पर भी जोर दिया। इस मौके महानगर अध्यक्ष भाजपा राजू यादव, एबीवीपी के पूर्व प्रांत अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, महापौर प्रतिनिधि अंकुर अग्रवाल, हरिओम शर्मा एडवोकेट, प्रमोद बंसल, पार्षद राकेश भाटिया, नीरज वशिष्ठ, कुंजबिहारी भारद्वाज, पार्षद ब्रजेश खरे, धर्मेश तिवारी, धनंजय लोधी, अंकुर गुर्जर, ब्रजेश अहेरिया, मुनेश दीक्षित, देवेंद्र कुमार, पवन लोधी और मुख्य अभियंता निर्माण तुषार चौहान ने सभी का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस मौके पर संचालन सहायक अभियंता शशांक शर्मा ने किया तथा महंत गोपालाचार्य द्वारा शिलान्यास कार्यक्रम पूरे विधि-विधान से कराया।



# तीन दिवसीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू, मतदाताओं की उमड़ी भीड़

लखनऊ। विधानसभा क्षेत्र संख्या 169 बक्शी का तालाब में तीन दिवसीय निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरूआत हो गई है। क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय लौलाई और कांशीराम आवास योजना स्थित बूथों पर निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

एसआईआर के तहत जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, उनकी सुनवाई प्राथमिक विद्यालय परिसर में की जा रही है। सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए।





सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रफुल्ल कुमार सिंह द्वारा नोटिसों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग की ओर से सुपरवाइजर अनिल कुमार सिंह, बीएलओ अतुल कुमार पांडे, सुनीता यादव, देवेंद्र कुमार तथा समाजसेवी अमरजीत कुरिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ना, त्रुटियों का संशोधन करना तथा निर्वाचक नामावली को अद्यतन बनाना है, ताकि आगामी चुनावों में अधिकाधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# विश्व यूनानी दिवस एडीडब्लूए ने चिकित्सकों को किया सम्मानित, हकीम अजमल खान अवार्ड से नवाजे गए चिकित्सक

लखनऊ। आयुष डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन अऊहअ द्वारा महान यूनानी विद्वान और समाज सुधारक मसीहुल मुल्क हकीम अजमल खान के जन्म दिवस को 'वर्ल्ड यूनानी डे' के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन ने यूनानी चिकित्सा पद्धति में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की।

हर साल 11 फरवरी को विश्व यूनानी दिवस मनाया जाता है। यह दिन हकीम अजमल खान की याद में समर्पित है, जिनका जन्म 11 फरवरी 1868 को दिल्ली में हुआ था। वह न केवल एक महान चिकित्सक थे, बल्कि एक स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद भी थे। उन्होंने यूनानी चिकित्सा पद्धति को आधुनिक स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जामिया मिलिया





इस्लामिया के साथ-साथ आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज की स्थापना में अहम योगदान दिया।

अऊहअ के जनरल सेक्रेटरी डॉ. एम. एच. उस्मानी ने जानकारी दी कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एसोसिएशन ने तीन प्रमुख यूनानी चिकित्सकों— डॉ. इस्लामुल हक, डॉ. अकमल खान और डॉ. एजाज अली को उनके क्लिनिक पर जाकर 'हकीम अजमल खान सम्मान' से नवाजा।

इस सम्मान समारोह के दौरान अऊहअ की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. यासमीन हाशमी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से चिकित्सकों का मनोबल बढ़ता है और समाज में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति विश्वास सुदृढ़ होता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे, डॉ. एम. एच. उस्मानी जनरल सेक्रेटरी, डॉ. शोएब खाँ, डॉ. रिजवान अंसारी, डॉ. मो. अली, डॉ. धीरज शुक्ला, डॉ. मोहम्मद सिद्दीक, डॉ. सैफ, डॉ. मोहम्मद उजैर, डॉ. रवि श्रीवास्तव और डॉ. उजैर अहमद सिद्दीकी, और क्षेत्र के सम्मानित लोग भी मौजूद रहे।

# नाबालिग लड़की से अश्लील छेड़छाड़ करने वाले बीएसएफ जवान को न्यायालय ने सुनाई तीन साल की सजा

**: सजा के साथ ही लगाया 12 हजार का अर्थदंड**

मथुरा (जीएनएस)। थाना कोसीकलां क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लड़की से अश्लील छेड़छाड़ करने वाले बीएसएफ के आरोपी जवान को विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट ने तीन साल की सजा और 10 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। पीड़ित किशोरी की ओर से स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने अदालत में बहस की तो दूसरी ओर आरोपी के लिए बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव गोपाल गौतम (आई) अपने मुव्वकिल को निर्दोष ठहराने में असफल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना कोसीकलां क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी को पड़ोस में रहने वाला बीएसएफ का जवान करण सिंह पुत्र घीसा, लगातार अश्लील इशारे करके और फोन करके परेशान करता था। बताया कि वर्ष 2021 में 10 दिसंबर की सुबह 14 वर्षीय पीड़ित किशोरी अपने भाई के साथ स्कूल जाने के लिए कोकिलावन गेट, नन्दगांव रोड़ पर टैम्पू का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान बाइक लेकर अभियुक्त करण सिंह वहां पहुंचा और पीड़ित किशोरी को जबरन गलत नीयत से पकड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा था। पीड़ित किशोरी और उसके 11 वर्षीय छोटे भाई ने बीएसएफ के आरोपी जवान करण सिंह का विरोध किया तो अभियुक्त ने पीड़िता के छोटे भाई के साथ मारपीट कर दी थी। उस समय पीड़ित किशोरी और उसके छोटे भाई ने शोर मचाया तो अभियुक्त करण सिंह, जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया था। पीड़ित किशोरी और उसके भाई ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी परिजनों को दी तो उन्होंने थाना कोसीकलां में बीएसएफ के आरोपी जवान करण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना की विवेचना उपनिरीक्षक ललित कुमार ने पूरी करने के बाद विशेष न्यायधीश, पॉक्सो न्यायालय में अभियुक्त करण सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इसके बाद पीड़ित किशोरी की ओर से स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर तथा अभियुक्त की ओर से पूर्व सचिव बार एसोसिएशन गोपाल गौतम (आई) न्यायालय में पैरोकार कर रहे थे। न्यायालय में स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने पीड़िता के साथ ही मुकदमें से संबंधित गवाहों के अदालत में बयान दर्ज कराए तो वहीं अभियुक्त के अधिवक्ता गोपाल गौतम (आई) ने जिरह करते हुए गवाहों के बयानों को इधर-उधर घुमाने के लिए जोर लगाते रहे लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी।

इसके बाद विशेष न्यायधीश पॉक्सो कोर्ट संतोष कुमार त्रिपाठी के समक्ष पीड़ित किशोरी की ओर से स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने अभियुक्त करण सिंह के अधिवक्ता गोपाल गौतम (आई) से बहस करते हुए न्यायालय को घटना से संबंधित गवाहों के बयान समेत अन्य साक्ष्यों का हवाला दिया तो अभियुक्त के अधिवक्ता निरूत्तर हो गए। इसके बाद न्यायालय ने बीएसएफ के जवान करण सिंह को दोष सिद्ध होने पर अश्लील छेड़छाड़ करने पर 3 साल का कारावास, पांच हजार रूपए का अर्थदंड और पॉक्सो एक्ट में 3 साल का कारावास तथा 5 हजार रूपए का अर्थदंड तथा धारा 506 में एक साल का कारावास और 2 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। उपरोक्त सभी सजा एक साथ चलेंगी। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

# आवारा जानवरों की शिकायत जिलाधिकारी से

सलोंन रायबरेली। तहसील मुख्यालय पर सुविधाजनक गौशाला होने के बाद भी आवारा व छुट्टा जानवरों से लोग काफी परेशान है। इस कड़ी में आज नवीन थाना के सामने प्रतापगढ़ रोड, वार्ड विकास नगर में सफीना पत्नी चांद मोहम्मद के आवास पर बीती रात आवारा छुट्टा जानवरों के झुंड ने तांडव मनाते हुए जोरदार टक्कर मार दी , जिसके कारण उसका पूरा टीन भर भरा के गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें दबकर एक गाय की मृत्यु हो गई एवं हजारों रुपए का टीन शेड टूट कर नुकसान हुआ। इस घटना से बड़ी



छती उठानी पड़ी। भुक्तभोगी पशुपालक सफीना ने जिला अधिकारी हर्षिता माथुर रायबरेली को रजिस्टर्ड शिकायती पत्र भेजकर आवारा एवं छुट्टा जानवरों से निजात दिलाय जाने की मांग की है। आपको बता दें कि सलोन तहसील चौराहा, ऊंचाहार तिराहा, मानिकपुर तिराहा, जगतपुर तिराहा, बिजली घर, एसडीएम कोर्ट के पास जानवरों का झुंड अक्सर देखने को मिलता है। परंतु नगर पंचायत प्रशासन की उदासीनता गौशाला के बाद भी जानवर गौशाला की बजाय सड़कों पर नजर आ रहे हैं जो चिंता का विषय है।

# नाथद्वारा पाटोत्सव में डा. अनीता चौधरी समेत कई लेखक ₹ब्रज भाषा विभूषण उपाधि से हुए सम्मानित : लेखिक अनीता और सीपी सिकरवार की पुस्तक समेत एक दर्जन नव प्रकाशित पुस्तकों का लोकार्पण

मथुरा (जीएनएस)। साहित्य मंडल, श्रीनाथद्वारा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'ब्रजभाषा पाटोत्सव समारोह'' में उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कोऑर्डिनेटर चंद्रप्रताप सिंह सिकरवार (पत्रकार) और लेखिका डा. अनीता चौधरी के अलावा वृंदावन के डा. बृजभूषण चतुर्वेदी, गोपालकृष्ण दुबे तथा नन्दगांव के लोकेश गोस्वामी को प्रतिष्ठित ''ब्रजभाषा विभूषण'' उपाधि से अलंकृत किया गया। मथुरा के शिक्षक राजेंद्र केशोरैया, श्रीमती देवकी, चित्रकार सुश्री उमा शर्मा तथा लेखक देवी प्रसाद गौड़ को भी विभिन्न मानद उपाधियों से विभूषित



किया गया। पाटोत्सव समारोह में डा. अनीता चौधरी ने ब्रजभाषा में काव्य पाठ किया, जबकि रिचा रावत (राया) और चंद्रप्रताप सिंह सिकरवार ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। समस्या-पूर्ति कार्यक्रम में सत्यप्रकाश शर्मा (वृंदावन) और अंजीव अंजुम (राया) आदि साहित्यकारों ने विचार व्यक्त किए। साहित्य मंडल नाथद्वारा के सचिव श्यामप्रकाश देवपुरा ने कहा कि ब्रज के साहित्य मनीषियों की ब्रज भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए दी जा रही सेवाएं अत्यंत अनुकरणीय हैं। पाटोत्सव में लेखिका डा. अनीता चौधरी के कहानी संग्रह 'काश, मैं गरीब होती' का विमोचन किया गया। इसके साथ ही चंद्रप्रताप सिंह सिकरवार की पुस्तक 'स्वाधीनता के समाजवादी स्वर (राजस्थान के क्रांतिकारियों की संघर्ष गाथा)' का विमोचन हुआ। वहीं कपिल उपाध्याय की लिखित पुस्तक 'ब्रज की स्थापत्य कला विलुप्ति की ओर' साहित्य मंडल को भेंट की गई।

# हकीमपुर ग्राम प्रधान के हुए सभी कायल : प्रधान और ग्रामीणों ने अनाथ दलित बेटी की धूमधाम से की शादी

मथुरा (जीएनएस)। सदर तहसील की ग्राम पंचायत हकीमपुर में सामाजिक जिम्मेदारी के साथ ही इंसानियत की अनूठी मिसाल की पूरे जनपद में प्रशंसा हो रही है। जानकारी के अनुसार हकीमपुर के ग्राम प्रधान सूरजभान चौधरी ने दलित परिवार की बेटी राधा की शादी अपने निजी सहयोग और ग्रामीणों की सहभागिता से भव्यता से संपन्न कराया है। दलित बेटी की शादी में पूरा घरेलू सामान और आभूषण के साथ-साथ बारातियों की दावत की सम्पूर्ण व्यवस्था ग्राम प्रधान सूरजभान चौधरी द्वारा की गई। इस सामाजिक एवं इंसानियत को जीवित रखने वाली पहल ने पूरे गांव



में उत्सव एवं खुशी का माहौल बना दिया। इस संबंध में वार्ता करने पर ग्राम प्रधान सूरजभान चौधरी ने बताया कि यह पुण्य कार्य उन्होंने अकेले नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत में रहने वाले लोगों के सहयोग से पूर्ण किया है। उन्होंने बताया कि दलित बेटी राधा के माता-पिता का निधन हो चुका है, तथा उसका पालन-पोषण उसके भाई द्वारा किया जा रहा था। ऐसी स्थिति में उनका और समाज का कर्तव्य है कि वह आगे आकर दलित बेटी की मदद करें। वहीं ग्रामीण मनोज चौधरी ने कहा कि ग्राम प्रधान सूरजभान चौधरी की यह पहल सामाजिक एकता और भाईचारे का उदाहरण बन गई है। कहा कि उन्होंने यह साबित कर दिया कि समाज में समानता और सहयोग की भावना आज भी जीवित है। इस पुण्य कार्य व शादी समारोह में ग्रामीण हंसराज सिंह, पूर्व प्रधान पप्पू चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि राम चौधरी और पिंटू सिंह समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी लोगों ने ग्राम प्रधान सूरजभान की इस अतुलनीय पहल की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई एवं धन्यवाद दिया। दलित बेटी की शादी का यह आयोजन समाज में समानता, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने वाला प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सर्वसमाज के सामने आया है।

# आईजी डिफेंस ने स्वदेशी फिक्स्ड-विंग टैक्टिकल ड्रोन के लिए पेटेंट प्राप्त किया

लखनऊ,11 फरवरी 2026: आईजी डिफेंस को उनके फिक्स्ड-विंग टैक्टिकल अनमैन्ड एरियल सिस्टम के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। इस सिस्टम को आधुनिक युद्ध क्षेत्र की बदलती रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। यह पेटेंटेड प्लेटफॉर्म एक बहुउद्देश्यीय अनमैन्ड सिस्टम है, जो सटीक प्रहार (स्ट्राइक), निगरानी और टर्मिनल एंगेजमेंट की सुविधा एक साथ प्रदान करता है। इससे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता मजबूत होगी।

आईजी डिफेंस के सीईओ और फाउंडर बौद्ध सत्य संघ प्रिया ने नए पेटेंट मिलने पर कहा, 'यह पेटेंट स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलॉजी को असली ऑपरेशनल इस्तेमाल के लिए बनाने के हमारे लक्ष्य की दिशा में एक और जरूरी कदम है। पिछले कुछ सालों में हमने डिफेंस सिमुलेटर और बिना पायलट वाले सिस्टम जैसे जरूरी क्षेत्र में अपनी टेक्नोलॉजी बनाने पर काम किया है। इन टेक्नोलॉजी को असली हालात में टेस्ट किया गया है। यह फिक्स्ड-विंग टैक्टिकल ड्रोन वर्तमान युद्ध की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हमारा लक्ष्य सेना को ऐसे भरोसेमंद उपकरण प्रदान करना है जो हालात की जानकारी को बेहतर बनाएं, सैनिकों के लिए खतरा कम करें और मुश्किल हालात में अच्छा काम करें। इसके जरिए हम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं और ऐसी रक्षा ताकत बनाने में मदद करना चाहते हैं जिस पर भारत भरोसा कर सके।'




ड्रोन का फिक्स्ड-विंग डिजाइन इसे ज्यादा दूरी तक उड़ने, ज्यादा देर तक हवा में रहने और लंबे मिशन के दौरान लगातार काम करने में मदद करता है। यह 5 किलो ग्राम तक का वॉरहेड ले जा सकता है, और मिशन के हिसाब से इसमें अलग-अलग उपकरण या हथियार लगाए जा सकते हैं। इस सुविधा की वजह से इस ड्रोन का इस्तेमाल कई कामों के लिए किया जा सकता है। इनमें इंटेलिजेंस इकट्ठा करना, टारगेट पर नजर रखना और उन्हें ट्रैक करना, और सटीक हमले करना, साथ ही दूसरे जरूरी स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन भी इससे किए जा सकते हैं।

आईजी डिफेंस के सलाहकार एयर कमांडर आर एन गायकवाड़ ने कहा, 'वर्तमान समय के युद्धक्षेत्र में फैसले जल्दी और अक्सर अधूरी जानकारी के साथ लेने पड़ते हैं। ऐसे प्लेटफॉर्म जो सैनिकों को नुकसान पहुंचाए बिना कमांडरों की नजर और पहुंच बढ़ा सकें, वे बहुत जरूरी होते जा रहे हैं। यह पेटेंटेड सिस्टम एक अनमैंड (बिना आदमी वाले) प्लेटफॉर्म में निगरानी और हमले की सुविधा देता है। इससे युद्ध में असली जरूरत पूरी होती है। यह हालात की जानकारी बेहतर बनाने, ऑपरेशनल पहुंच बढ़ाने और जल्दी व ज्यादा जानकारी के साथ फैसले लेने में मदद

# ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बने पीएम मोदीः दक्षिण अफ्रीकी उच्चायुक्त

**ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बने पीएम मोदीः दक्षिण अफ्रीकी उच्चायुक्त**

भारत में दक्षिण अफ्रीका के उच्चायुक्त अनिल सूकलाल ने बुधवार को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर विकासशील देशों की चिंताओं को लगातार उठाने में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की सराहना की। उन्होंने विकासशील देशों के लिए किए जा रहे प्रयासों को अभूतपूर्व बताया।

जी20 में अफ्रीकी संघ को दिलाई स्थायी सदस्यता

साक्षात्कार में सूकलाल ने कहा कि भारत लंबे समय से ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करता रहा है।



उन्होंने कहा कि 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थायी सदस्य बनाया गया। दक्षिण अफ्रीका समेत पूरे अफ्रीकी महाद्वीप ने इस कदम की सराहना की।

'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' से मजबूत हुई आवाज

उच्चायुक्त ने बताया कि भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' की शुरूआत की, जिसकी अध्यक्षता दो बार पीएम मोदी ने की। इस पहल ने विकासशील देशों के प्रमुख मुद्दों को वैश्विक एजेंडा में प्रमुखता से रखा और साझा समाधान पर जोर दिया। वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख, सूकलाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में भारत की जीडीपी दोगुनी से अधिक हुई है और भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उन्होंने ब्रिक्स, जी20 और ग्लोबल साउथ पहल में भारत की सक्रिय भूमिका को उभरती बहुध्रुवीय दुनिया को आकार देने वाला बताया।

दक्षिण अफ्रीकी उच्चायुक्त ने बांग्लादेश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार की वापसी की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार द्वारा चुनाव कराने का फैसला स्वागतयोग्य है और शांतिपूर्ण चुनाव क्षेत्रीय व वैश्विक स्थिरता के लिए जरूरी हैं।

# जी20 में अफ्रीकी संघ की सदस्यता पर पीएम मोदी की पहल को सूकलाल ने बताया ऐतिहासिक

(जीएनएस)।

भारत में दक्षिण अफ्रीका के उच्चायुक्त प्रोफेसर अनिल सूकलाल ने कहा कि प्रस्तावित भारत-एसएसीयू (दक्षिणी अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ) फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट से दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार और निवेश में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। उन्होंने इसे भारत और अफ्रीका के किसी क्षेत्रीय गुट के बीच पहला मुक्त व्यापार समझौता बताया।

पहला क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौता

साक्षात्कार में सूकलाल ने बताया कि एसएसीयू में बोत्सवाना, इस्वातिनी, लेसोथो, नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका इस सीमा शुल्क संघ के हिस्से के रूप में व्यापार वार्ता में भाग ले रहा है और दोनों पक्ष बातचीत में तेजी लाने पर सहमत हुए हैं।

उच्चायुक्त ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दोतरफा व्यापार लगभग 20 अरब डॉलर का है। दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीकी महाद्वीप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि भारत वैश्विक स्तर पर दक्षिण अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा साझेदार है। यह व्यापार अफ्रीका के साथ भारत के कुल व्यापार का करीब 20% है।

सीआईआई कॉन्क्लेव में गहरे हुए संबंध, उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग एवं प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स ताऊ ने हाल ही में सीआईआई भारत-अफ्रीका कॉन्क्लेव में भाग लिया।

इस दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ द्विपक्षीय बैठक में व्यापार और निवेश को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

सूकलाल ने कहा कि 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्यता मिली, जिसकी पूरे अफ्रीका में सराहना हुई।